सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-284
11/06/2018

जापान के राजदूत श्री केन्जी हीरामत्सू ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

पटना, 11 जून 2016 :– आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में जापान के राजदूत श्री केन्जी हीरामत्सू ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। बिहार के बोधगया, पटना और राजगीर को कनेक्ट करने के लिये सेमी हाईस्पीड रेलवे के निर्माण में जापानी विशेषज्ञों को आमंत्रित करने के संबंध में विमर्श किया गया। जापानी भाषा संस्थान की स्थापना के संबंध में विचार–विमर्श किया गया, इसके लिये राज्य सरकार हरसंभव सहायता उपलब्ध कराएगी। बिहार में जापानी इंडस्ट्रीयल टाउनशिप के गठन के संबंध में भी चर्चा हुई। भूकम्प, फॉरकास्टिंग, मैनेजमेंट के विशेषज्ञों का लाभ लेने के लिए राज्य के प्रतिनिधिमंडल को जापान भेजने के संबंध में भी चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने जापानी राजदूत को मुख्यमंत्री आवास परिसर स्थित बोधिवृक्ष का दर्शन कराया एवं उससे संबंधित विशेषताओं के बारे में भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने जापान के राजदूत श्री केन्जी हीरामत्सू को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। जापानी राजदूत के मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान फिक्की पार्लियामेंट्री के चेयरमैन भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, प्रधान सचिव उद्योग डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री विनय कुमार, निवेश आयुक्त श्री रविकान्त भी उपस्थित थे।

******